सार-समाचार

## रोपा का होली स्नेह मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। रेस्पियन ऑफिसर्स पेंशनर्स एसोसिएशन रोपा कोटा का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम लॉरियट पब्लिक स्कूल रिद्धिसिद्धि नगर, कुन्हाड़ी में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सरस्वती पूजन एवं वंदना पश्चात रोपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तालचिड़ी ने अपने स्वागत भाषण में 'संघे शक्ति कलयुगे' कहावत को आधार बना कर सांगठनिक एकता पर बल दिया, समारोह के मुख्य अतिथि सतीश कुमार गुप्ता विशेषाधिकारी माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि विगत लम्बे समय से चली आ रही पदोन्नतियों में तिथिवार विसंगतियों को दूर करने हेतु सत्रवार रिक्त पदों के आधार पर डीपीसी की सूची में तिथि अंकन का कार्य अंतिम सोपान में है जिससे निकट भविष्य में फिर से डीपीसी करवाकर विभागीय पदोन्नतियां दे दी जायेगी। लॉरियट पब्लिक स्कूल की निदेशक आभा जैन द्वारा अपने वक्तव्य में सभी सेवानिवृत सहभागियों का विद्यालय में उपस्थित होने पर अभिनन्दन स्वागत किया, कार्यक्रम में वर्तमान जीवन शैली, योग प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा, ए.आई. का भविष्य एवं चुनौतियां, पेंशनरों की समस्याओं आदि विषयों पर वार्ताकार यतीश विजय, भवानीशंकर चौबदार, अखिलेश जैन एवं रामप्रसाद परालिया आदि द्वारा अपने सार गर्भित विचार रखे। रोपा के होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत हास्य कवि सम्मेलन में कविराज मुकुट मणि राज, रामनारायण हलधर, डॉ.अतुल चतुर्वेदी, राजेंद्र पंवार द्वारा अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से हास्य एवं श्रृंगार विषयों पर काव्यपाठ करके सभी सेवानिवृत संभागीयों को भाव विभोर एवं आनंदित कर दिया। मंजू शर्मा, शैल बाला निर्वाण, दीपक चतुर्वेदी द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए, कार्यक्रम का संचालन डॉ.अतुल चतुर्वेदी द्वारा किया गया, अंत में रोपा के सभापति भंवर सिंह पंवार द्वारा सभी सहभागियों को आभार व्यक्त किया गया।

## बंधा-धर्मपुरा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाएं'

**कोटा,** (निसं)। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने सोमवार को बंधा धर्मपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की कॉलोनियों में विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त मेहरा ने बताया कि बंधा धर्मपुरा क्षेत्र में बनी कॉलोनियों के निवासियों से विकास कार्यों के लिए निरंतर आग्रह प्राप्त हो रहा था। इसको देखते हुए क्षेत्र का सोमवार को अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। यहां आमजन ने सड़कों और नालियों के निर्माण को प्राथमिकता से करवाने की मांग दोहराई। इस पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे क्षेत्र की आवश्यकता और बजट की उपलब्धता को देखते हुए प्रस्ताव तैयार करें। आयुक्त मेहरा ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर कचरा दिखाई दिया। इस पर उन्होंने क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक और जमादार को और अधिक जिम्मेदारी से कार्य करने तथा प्रतिदिन सफाई कार्य करवाने और कचरा उठवाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त जनस्वास्थ्य भावना सिंह को भी निर्देश दिए कि वे प्रत्येक सात दिवस में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें। यदि सफाई कार्य में पुन: लापरवाही मिलती है तो स्वास्थ्य निरीक्षक और जमादार पर कार्यवाही करें।

## कोटा मे 7 व 8 साल की मासूम बेटियों ने रखा रोजा और इबादत की

**कोटा,** (निसं)। रमजान के पवित्र महीने मे कोटा के आदर्श नगर क्षेत्र निवासी समाजसेवी फर्नीचर व्यवसाई अलीम खान की पोती एवं काँग्रेस के पूर्व मण्डल अध्यक्ष व समाजसेवी नाज़िश खान शैंकी के परिवार से 8 वर्षीय बेटी रुमाना एवं 7 वर्षीय बेटी अमायरा खान ने 26वें शब-ए-कद्र पर पहले रोजे रखे। दादा-दादी ने बेटियों को सुबह 4 बजे उठाकर सहरी खिलाई और पहला रोजा रखने का हौसला दिया। इस खास मौके पर दादी ने अपने पौत्री को त्यौहारी भी दी। परिवार के सभी सदस्यों ने छोटे रोजेदार को दुआएं और मुबारकबाद दी। नाज़िश खान शैंकी ने बताया की बेटियों द्वारा इस अहम अरक़ान को पूरा करने पर घर परिवार मे खुशी का माहौल मे सभी ने दोनों बच्चियों को फूल मलाओ के हार पहना कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई फरमा कर खुशी का इज़हार किया और उन्हें मुबारक बाद दी और उनके उज्जवल भविष्य की दुआए दी। दोनों बेटियों का कहना है कि वह अल्लाह से अपनी पढ़ाई में सफलता और जीवन में अच्छाई की दुआ मांगती है। उन्होंने अपने घर के बड़े-बुजुर्गों को देखकर रोजा रखने की प्रेरणा ली।

## अनुकंपा नियुक्ति कार्मिक टंकण परीक्षा आवेदन 31मार्च तक जमा कराएं

**कोटा,** (निसं)। जिले के मृत राज्य कर्मचारियों के ऐसे आश्रितों को जिन्होंने अभी तक टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें टंकण परीक्षा देने के लिए कार्मिक विभाग के स्तर पर दो और अतिरिक्त अवसर दिए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष टंकण परीक्षा समिति वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित जो 31 दिसम्बर 2022 से पूर्व नियुक्त हैं एवं जिन्होंने निर्धारित अवधि में टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भरकर विशेष टंकण परीक्षा के लिए आवश्यक रूप से संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से कलेक्ट्रेट को भिजवाएं। आश्रित कर्मचारी प्रथम विशेष टंकण परीक्षा के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तक एवं द्वितीय टंकण परीक्षा के लिए 1 अप्रेल से 31 जुलाई 2026 तक आवेदन पत्र भिजवाएं। प्रथम विशेष टंकण परीक्षा का आयोजन अप्रेल एवं मई 2026 में तथा द्वितीय विशेष टंकण परीक्षा का अगस्त एवं सितम्बर 2026 में आयोजन संभावित है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस श्रेणी का कोई भी कर्मचारी विशेष टंकण परीक्षा से वंचित नहीं रहे।

## 'लक्ष्य पूरे करने में जुट जाएं'

**कोटा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चंबल सिंचित क्षेत्र विकास अंतर्गत कार्यों की प्रगति, बजट घोषणाओं, आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कार्य सहित विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि वर्तमान में संचालित कार्यों में गति लाते हुए उन्हें समय पर पूर्ण किया जाए। गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण किए जाएं। साथ ही, आगामी वित्तीय वर्ष से शुरू होने वाले कार्य भी तय समय पर शुरू हों और समय पर पूर्ण हों। उन्होंने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है अत: लक्ष्य पूर्ण करने पर पूरा फोकस रहे। पूरी मेहनत और समर्पण के साथ लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त क्षेत्रीय विकास आयुक्त कुशल कुमार कोठारी एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रमदान व डिजिटल साक्षरता रैली आयोजित

**रामगंजमंडी,** (निसं)। स्थानीय विद्यालय में एनएसएस के तृतीय दिवस 16 मार्च सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजा अर्चना व सरस्वती वंदना के पश्चात स्थानीय विद्यालय से राधा कृष्ण मंदिर जुल्मी रोड तक डिजिटल साक्षरता रैली निकाली गई। जहां स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर की साफ सफाई कर श्रमदान किया तथा नाश्ता किया। सेवानिवृत्ति उप प्रधानाचार्य मुरली मनोहर शर्मा ने छात्रों को बैंकिंग क्षेत्र संबंधी जानकारी दी तथा कर्ज मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। सौम्या ने छात्राओं को चॉकलेट बनाना तथा सलाद डेकोरेशन करना सिखाया। विधायक प्रतिनिधि विभा रांवका ने भी छात्राओं को प्रेरित किया। भारत विकास परिषद महिला मंडल की सदस्य अनीता शर्मा ने छात्राओं को मेहंदी डिजाइन बनाना सिखाए महिला मंडल की अन्य सदस्य रेखा, अंजना, माला, मंजू, योगिता, शकुंतला, श्वेता, मेघा, नेहा, रीता व रेणु भी शिविर में उपस्थिति रही। छात्राओं ने भोजन का आनंद लिया व डायरी लेखन कार्य किया।

## शोक संतृप्त परिवारों को ढांढ़स बंधाया

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने सोमवार को छबड़ा पंहुचकर शोक संतृप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया। सिंघवी ने छबड़ा निवासी लक्की साहू की पार्वती नदी में डूबकर हुई असामयिक मृत्यु, भुवनेश भार्गव की पत्नी उमा भार्गव के निधन एवं नन्दकिशोर जांगिड की पत्नी शांति बाई के निधन पर संवेदना व्यक्त कर शोक संतृप्त परिवारो को ढांढस बंधाया। इस दौरान नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र सुमन, पूर्व नगर अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश गेरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भंवरलाल वर्मा, पूर्व महामंत्री हरिऔम गौड़, भगवती वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जितेन्द्र साहू समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। तत्पश्चात विधायक सिंघवी ने भाजपा कार्यालय पर आमजन के अभाव अभियोग सुने और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओ के समाधान के निर्देश दिये।

# पंचदिवसीय कार्यक्रम से होगा नवसंवत् 2083 का स्वागत-अभिनंदन



कोटा में होने वाले नवसंवत् 2083 के स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन किया गया।

**कोटा,** (निसं)। कोटा में पांच दिनों तक नवसंवत् 2083 के स्वागत-अभिनंदन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविंद नारायण अग्रवाल नें बताया कि गत हिंदू नववर्ष पर 51 हजार मातृशक्ति की कलश यात्रा भारत में अभी तक की सबसे बड़ी रही है। वहीं कोटा में ही सबसे पहले हिंदू नववर्ष पर पहला पंचदिवसीय कार्यक्रम हो रहा है। जो 17 मार्च मातृशक्ति दो पहिया वाहन रैली, 18 मार्च वर्तमान संवत की बिदाई पर महाआरती और दीपदान, 19 मार्च नवसंवत शुभारंभ पर दो दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन, 20 मार्च को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीता रेबारी की भजन संध्या और 21 मार्च को विशाल भगवा रैली का आयोजन होगा।

मातृशक्ति रैली संयोजिका रेणु मिश्रा नें बताया कि 17 मार्च, मंगलवार को मातृशक्ति दोपहिया वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। नयापुरा स्टेडियम परिसर में हिंदू मातृशक्ति अपने-अपने दोपहिया वाहनों के साथ एकत्र होंगी और दोपहर 3 बजे से यह रैली नयापुरा स्टेडियम से अग्रसेन चौराहा, किशोर सागर तालाब की पाल, गीता भवन के सामने से गुजरते हुए गुमानपुरा नहर की पुलिया से टीलेश्वर चौराहा होते हुए गोदावरी धाम पहुंचकर सम्पन्न होगी। महामंत्री बाबूलाल भाट ने बताया कि 18 मार्च, बुधवार की संध्या में वर्तमान संवत् के अंतिम सूर्यास्त की विदाई पूरे कोटा महानगर में मंदिरों में महाआरती के माध्यम से दी जाएगी।

यह कार्यक्रम कोटा महानगर के 12 नगरों में स्थित 120 से अधिक बस्तियों और उनकी उपबस्तियों में लगभग एक साथ आयोजित होगा। स्वदेशी मेला संयोजक प्रदीप राठौर नें बताया कि 19 मार्च, गुरुवार को प्रात: वर्ष प्रतिपदा की शुभकामनाओं के साथ भगवान सूर्य को जल अर्पण आदि से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। अपरान्ह 3 बजे दशहरा मैदान में दो दिवसीय स्वदेशी मेले का शुभारंभ होगा। इसी स्थल पर रंगोली और मांड़ना प्रतियोगिता भी सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगी।

भजन संध्या समिति के संयोजक पंकज मेहता नें बताया कि 20 मार्च, शुक्रवार को मेला स्थल दशहरा मैदान में स्वदेशी मेले के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध भजन गायिका गीता रेबारी की भजन संध्या सायं 7 बजे से आयोजित होगी। भगवा वाहन रैली संयोजक युधिष्ठर सिंह हाड़ा ने बताया कि 21 मार्च, शनिवार को विराट हिंदू भगवा रैली का आयोजन होगा। कोटा महानगर की 120 बस्तियों से भगवा रैलियाँ प्रारंभ होकर चार प्रमुख एकत्रीकरण स्थलों पर एकत्र होंगी और सायं 5 बजे टीलेश्वर चौराहे पर महासंगम करेंगी। इसके पश्चात यह रैली दशहरा मैदान स्थित जड़ के बालाजी पहुंचकर सम्पन्न होगी।

उन्होंने बताया कि 120 बस्तीयों से लगभग 12 हजार की संख्या में भगवाधारी इसमें सम्मिलित होंगे। इस दौरान कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहता, सह-कोषाध्यक्ष महेश विजय मां भारती और मीडिया संयोजक अरविन्द सिसोदिया, भजन संध्या सहसंयोजक किसन पाठक एवं राजेंद्र खंडेलवाल, स्वदेशी मेला सहसंयोजक मुकेश विजय एवं सुनीता जौली, मातृशक्ति सह संयोजक चेतना मोरवाल, भगवा रैली सह संयोजक सुमेरसिंह, मीडिया सहसंयोजक रजनीश सिंह राणा, हुकमत सिंह झाला, सुनील पोकरा, पवन भटनागर सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## माँ अहिल्या जन्मोत्सव व मातृशक्ति महासंगम सम्मेलन 22 को

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सभा हाड़ौती संभाग कोटा के तत्वावधान में माँ अहिल्या जन्मोत्सव व मातृशक्ति महासंगम सम्मेलन 22 मार्च को सांय 4 बजे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा भवन, झालावाड़ रोड कोटा मे आयोजित किया जायेगा। सभा के प्रेस प्रभारी राजेश गौतम ने बताया कि सभा के महावीर नगर प्रथम स्थिति कार्यालय में आयोजन समीति की मीटिंग रखी गई जिसमें माता अहिल्या की जयंती भारत मे पहली बार कोटा संभाग व कोटा जिला महिला इकाई द्वारा मनाने का निर्णय लिया। संभागीय अध्यक्ष गिरिराज गौतम व महिला सम्भागीय अध्यक्ष इन्दुबाला शर्मा ने माँ अहिल्या के प्राकट्य दिवस जन्म जयंती के अवसर पर महिला एकीकरण व नारी उत्थान के लक्ष्य को लेकर देश में पहली बार जयंती मनाने का निर्णय का स्वागत करते हुये कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

## डॉ. नीलेश जैन के मेडिकल कॉलेज कोटा के प्रधानाचार्य नियुक्त होने पर अभिनंदन



राजकीय मेडिकल कॉलेज कोटा के यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. नीलेश जैन द्वारा कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक का पदभार ग्रहण करने पर सम्मान किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। राजकीय मेडिकल कॉलेज कोटा के यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. नीलेश जैन द्वारा कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक का पदभार ग्रहण करने पर सोमवार को प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था द्वारा प्रशासनिक भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष हुकुम मंगल ने कहा कि डॉ. जैन की इस उपलब्धि से संपूर्ण वैश्य समाज गौरवान्वित है। अपने संबोधन में डॉ. नीलेश जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

सचिव प्रकाश तापड़िया, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर मित्तल, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, राजेंद्र गोयल, डॉ. सुमित गुप्ता, डॉ. राहुल काबरा, मुकेश गोयल, मोहन मित्तल और पुरुषोत्तम चित्तौड़ा सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजनों ने डॉ. जैन का माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित हेमंत कुमार गुप्ता, डॉ. अरविन्द अंसारी, गणेश जैन, हेमराज सिंहल, उमेश चित्तौड़ा, डॉ. एसपी चित्तौड़ा, मनोज कुमार गुप्ता, दिनेश पनवाड़, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, महेश कुमार पनवाड़, आरसी गुप्ता और रमेश खंडेलवाल ने भी नवनियुक्त प्रधानाचार्य को बधाई प्रेषित की।

## 'अगले महीने तक पूरा पीएम ई-बस डिपो का सिविल कार्य करें'

**कोटा,** (निसं)। निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने सोमवार को सुभाष नगर में निर्माणाधीन पीएम ई-बस डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और संवेदक को कार्य की गति बढ़ाते हुए 15 अप्रेल तक सिविल कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

आयुक्त मेहरा ने बताया कि कोटा में ई-बसों के संचालन के लिए नगर निगम को राज्य सरकार से मई माह तक बसें उपलब्ध हो जाने की संभावना है। इन बसों की पार्किंग और चार्जिंग के लिए सुभाष नगर में पीएम ई-बस डिपो का निर्माण करवाया जा रहा है। बस डिपो के निर्माण कार्य पूरा करने के लिए मई तक की अवधि निर्धारित की गई है। निरीक्षण के दौरान सोमवार को देखा गया कि अभी काफी सिविल कार्य बाकी है और इसे पूरा करने के लिए संवेदक ने आवश्यकतानुसार श्रमिक नहीं लगा रखे हैं। इस बारे में संबंधित अधिकारियों और संवदेक को निर्देश दिए गए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर हर हालत में सिविल कार्य पूरा करते हुए 15 अप्रेल तक पीएम ई-बस डिपो को हैंड ओवर कर दिया जाए। सिविल कार्य पूरा होने के बाद वहां ट्रांसफार्मर लगाए जाने का कार्य प्रारंभ होगा। इस कार्य के लिए ट्रांसफार्मर प्राप्त हो गए हैं जिसे टेस्टिंग के लिए संबंधित एजेंसी को भेजा गया है। आयुक्त मेहरा ने विद्युत अनुभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संबंधित एजेंसी से सम्पर्क कर टेस्टिंग की प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करवाया जाए ताकि सिविल कार्य पूर्ण होते ही यह कार्य प्रारंभ हो जाए। उन्होंने सभी संबंधित अनुभागों के अधिकारियों और संवेदकों को निर्देश दिए कि इस कार्य में लापरवाही नहीं बरती जाए। कोताही करने वाले व्यक्ति कि वि द्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता महेश चंद गोयल, अधिशासी अभियंता गैराज आरएस सैनी सहित कई अन्य अधिकारी एवं संवेदक उपस्थित रहे।

## सेवा और स्वास्थ्य का संदेश दिया

**कोटा,** (निसं)। टाईम बैंक कोटा की मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह 15 मार्च को डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स क्लब सिविल लाइंस कोटा में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। बैठक में शहर के विभिन्न पिनकोड क्षेत्रों से 17 सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। कोटा शहर के एडमिन धीरेंद्र माथुर तथा पिनकोड 324001 के एडमिन पी.के. जैन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए टाईम बैंक की सेवा आधारित अवधारणा पर प्रकाश डाला और इसे कोटा शहर में व्यापक स्तर पर विस्तार देने का आह्वान किया। बैठक में यह सुझाव भी सामने आया कि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व संगठनों में जाकर टाईम बैंक की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जाए।

# सिंधु यूथ सर्कल ने चेटीचंड पर कपल वाहन रैली निकाली



सिंधु यूथ सर्किल के द्वारा कपल वाहन रैली निकाली गई है।

**कोटा,** (निसं)। सिंधु यूथ सर्कल की ओर से चेटीचंड के अवसर पर कपल वाहन रैली का आयोजन उत्साह व उमंग के साथ किया गया।

इस अवसर पर एक-एक गाड़ी पर कपल बैठे और जय श्री झूलेलाल के जयकारे लगाए। कार्यक्रम संयोजक दीपक राजानी ने बताया कि इस वाहन रैली में मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज शर्मा रहे।

विशिष्ट अतिथि अटरु वाले फूफाजी, संत कंवरराम सिंधी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ओम अडवानी रहे। इस रैली में अटरु वाले फूफाजी ने लोगों को अपने ही अंदाज में हंसाया और झूलेलाल के जयकारे लगवाए। दीपक राजानी ने बताया कि रैली में उत्साह देखते ही बन रहा था, पारम्परिक परिवेश में और सिंधी समाज की संस्कृति को संयोऐं सभी ने झूलेलाल भगवान को याद किया।

अध्यक्ष कमल खत्री ने बताया कि रैली दशहरा मैदान से सिंधी कॉलोनी पहुंची जहां सभी झूलेलाल की महाआरती की और प्रसाद वितरण किया गया। सचिव कपित सेवानी ने बताया कि सिंधी समाज ने अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव और सिंधी नववर्ष चेटीचंड की तैयारियों में जोर-शोर से हिस्सा लिया।

कार्यक्रम सह संयोजक हितेष दयानी ने बताया कि रैली में सैकड़ों की संख्या में बाईक रहीं, जिन पर झूलेलाल भगवान की तस्वीरें, झंडे और फूलों की सजावट की गई थी। रैली के दौरान सड़कों पर जय झूलेलाल, आयोलाल और झूलेलाल साई के उद्घोष गूंजते रहे। युवाओं ने विशेष रुप से उत्साह दिखाया और एकता का संदेश दिया। रैली का समापन झूलेलाल मंदिर पर किया गया।

समाज के बुजुर्गों ने कहा कि ऐसी रैलियां सिंधी संस्कृति को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर महिला सेवादारी दिव्या शर्मा, ग्लोरियस-50 की अध्यक्ष दृष्टि दयानी व टीम, हीर राजानी, कशिश चंदानी, शिवानी मलकानी, पायल हरचंदानी, जानवी अडवानी, अमिशा साधवानी, इशिका वनवाणी, पर्ल हरचंदानी सहित महिला टीम का भी विशेष सहयोग रहा।

सार-समाचार

## गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 24 से 26 मार्च तक

**कोटा,** (निसं)। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में 190 रिक्त पदों के विरुद्ध 8735 अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 24 से 26 मार्च तक गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा परेड ग्राउण्ड पर आयोजित की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा की जाएगी। कमाण्डेन्ट गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र चन्द्रभान बुनकर ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एमएमस एवं ई-मेल द्वारा सूचना प्रेषित की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थी दिए गए लिंक अथवा विभागीय वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। गृह रक्षा स्वयंसेवकों की नामांकन प्रक्रिया लगभग तीन सप्ताह तक चलना सम्भावित है। इसके लिए अलग-अलग जिलों में अभ्यर्थी को अलग-अलग समय पर उपस्थिति देने के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थी को निर्धारित समय, तिथि एवं स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा। नामांकन स्थल पर प्रवेश करने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को ग्राउण्ड से बाहर जाकर कोई भी दस्तावेज लाए जाने की अनुमति नहीं होगी एवं प्रवेश के साथ संलग्न महत्वपूर्ण अन्य सभी दिशा-निर्देशों की पालना आवश्यक होगी। इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0744-2360066 पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिले का मूल निवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र।

## नगर निगम में जनसुनवाई आज

**कोटा,** (निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि दिसम्बर से प्रारंभ जनसुनवाई की इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस माह तकनीकी कारणों के चलते माह के प्रथम मंगलवार को प्रस्तावित जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से निरस्त करना पड़ा था।

## 'श्रीराम कथा' का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। अग्रवाल सेवा सदन झालावाड़ रोड पर आयोजित होने वाली भव्य 'संगीतमय श्रीराम कथा' के प्रथम दिन विज्ञान नगर स्थित 'चमत्कारी हनुमान मंदिर' से एक विशाल एवं भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। कलश यात्रा के संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर में कथा का शुभारंभ हुआ। अयोध्या धाम से पधारे महामंडलेश्वर डॉ. गणेश दास महाराज के सानिध्य में आयोजक परिवार ने श्री रामचरितमानस ग्रंथ एवं 501 कलशों का विधिवत पूजन किया। इसके पश्चात, वार्ड पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा में सबसे आगे यजमान सिर पर रामचरितमानस धारण किए चल रहे थे। वहीं उनके पीछे पारंपरिक परिधानों में सजी सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लिए बैंड-बाजों की धुन पर थिरकती हुई चल रही थीं। महाराज स्वयं सुसज्जित बग्गी में सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद दे रहे थे। कलश यात्रा चमत्कारी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर ईआईसी हॉस्पिटल, बीएसएनएल ऑफिस और माहेश्वरी भवन होते हुए अग्रवाल सेवा सदन पहुंची। अनिता मित्तल एवं दीप्ति मंगल के कुशल प्रबंधन में पूरी यात्रा अनुशासित रही। मार्ग में भक्तों के स्वागत के लिए 21 भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे। जहां ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई।


बइजलास श्री सत्यनारायण व्यास,
267 / 07/03/26 आर.एच.जे.एस.
जिला एवं सत्र न्यायालय कोटा (राज.)
प्रकरण संख्या : CM 125/25
सुमित्रा बाई पत्नी सूरजमल आयु ...... वर्ष, निवासी- 170, हरिजन बस्ती, नयापुरा, कोटा (राज.) ...... प्रार्थीया
- बनाम -
(1) द्रोपती पुत्री श्री सूरजमल पत्नी श्री मनोज, निवासी- साईपुरा गड्डा पहाडिया टोंक (2) रामचरण आत्मज श्री सूरजमल, निवासी- इस्माईल चौक, हरिजन बस्ती, नयापुरा, कोटा (3) किरन पुत्री सूरजमल पत्नी श्री रमेश चन्द, निवासी- इस्माईल चौक के पास, नयापुरा, कोटा (राज.) (4) सर्व साधारण
...... अप्रार्थीगण
प्रार्थना पत्र उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने अन्तर्गत भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सर्व साधारण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुमित्रा बाई पत्नी सूरजमल, आयु ...... वर्ष, निवासी- 170, हरिजन बस्ती, नयापुरा, कोटा (राज.) ने अपने पति सूरजमल पुत्र सन्नू जी का दिनांक 09.07.2010 को निधन हो जाने के उपरान्त सूरजमल पुत्र सन्नू जी की मृत्युपरान्त उनकी पत्नी होने से पारिवारिक पेंशन पाने लिये उनकी उत्तराधिकारी होने के कारण सुमित्रा बाई के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम पेश किया है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सुमित्रा बाई के पक्ष में जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 04.04.2026 को 10 AM बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जायेगा।
आज दिनांक 07.03.2026 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
मोहर — न्यायालय के आदेश से वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

कार्यालय नगर पालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी (राज.)
क्रमांक-न.पा./भूमि/2026/5321-23 — आपत्ति सूचना पत्र — दिनांक-16.3.2026
सर्वसाधारण एवं हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री राधेश्याम गुप्ता आ. बालचन्द गुप्ता जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 19 के.पाटन जिला बून्दी द्वारा स्वयं की खाते की भूमि खसरा नं. 1070/185 रकबा 0.43 है. में से 1691.71 वर्गमीटर भूमि वाके माल ईश्वरनगर खटखड रोड पर पूर्व दिशा में केनाल के सामने का कृषि आधारित लघु उद्योग एकल पट्टा बनाये जाने हेतु पत्रावली इस पालिका में प्रस्तुत की गई है।
अतः खसरा नं. 1070/185 रकबा 0.43 है. में से 1691.71 वर्गमीटर भूमि वाके माल ईश्वरनगर खटखड रोड पर पूर्व दिशा में केनाल के सामने का प्रार्थी श्री राधेश्याम गुप्ता आ. बालचन्द गुप्ता जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 19 के.पाटन जिला बून्दी के नाम कृषि आधारित लघु उद्योग एकल पट्टा बनाये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में इस पालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद गुजरने अवधि खसरा नं. 1070/185 रकबा 0.43 है. में से 1691.71 वर्गमीटर भूमि वाके माल ईश्वरनगर खटखड रोड पर पूर्व दिशा में केनाल के सामने का प्रार्थी श्री राधेश्याम गुप्ता आ. बालबन्द गुप्ता जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 19 के.पाटन जिला बून्दी के नाम कृषि आधारित लघु उद्योग एकल पट्टा जारी कर दिया जावेगा। सूचित हो।
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के.पाटन

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक-3535 — जाहिर आम सूचना — दिनांक-16.3.26
आवास संख्या 3-आई-74 महावीर नगर विस्तार, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री गिरधर शर्मा पुत्र श्री लाल चन्द शर्मा को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री मांगीलाल के नाम दिनांक 24.02.2021 को किया गया। उक्त आवास का पंजीयन श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री मांगीलाल द्वारा दिनांक 26.03.2021 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री मांगीलाल की मृत्यु दिनांक 17.12.2025 को एवं इनके पति मांगीलाल बारिया की मृत्यु दिनांक 26.11.2000 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री पवन कुमार एवं श्री राजकुमार पुत्रान स्व. श्री मांगीलाल द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड आलेखित कर दिनांक 20.02.2026 को इनकी बहिन श्रीमती मोना पुत्री स्व. श्री मांगीलाल के पक्ष में किया गया। श्रीमती मोना पुत्री स्व. श्री मांगीलाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-आई-74 महावीर नगर विस्तार, कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।
अतः उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती मोना पुत्री स्व. श्री मांगीलाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्रीमती मोना पुत्री स्व. श्री मांगीलाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती मोना पुत्री स्व. श्री मांगीलाल के नाम कर दिया जावेगा।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक :- 1677 — नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना — दिनांक : 6.3.2026
कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा दुकान/भूखण्ड संख्या 72 जवाहर मार्केट व्यावसायिक योजना का आवंटन प्राधिकरण के द्वारा श्री मौहम्मद अफजल पुत्र श्री मुस्तफा को किया गया था। आवंटी श्री मौहम्मद अफजल पुत्र श्री मुस्तफा द्वारा उक्त भूखण्ड/दुकान का जर्ये मुखतारआम दिनांक 23.09.1992 श्री अबदुल गनी पुत्र स्व. मौहम्मद अफजल के नाम कर दिया गया है। क्रेता द्वारा भी उक्त दुकान का वसीयत नामा पत्र दिनांक 22.07.2018 श्री मौहम्मद खालिद पुत्र श्री मोहम्मद उस्मान को कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/दुकान को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/दुकान संख्या-72 जवाहर मार्केट व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्री मौहम्मद खालिद पुत्र श्री मोहम्मद उस्मान के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/847 — दिनांक : 13.03.2026
नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना
कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा योजना सकतपुरा भूखण्ड संख्या 184 का नामहस्तांतरण क्रमांक 536-37 दिनांक 16.03.2009 को श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री तेज नारायण शर्मा एवं पंकज शर्मा पुत्र श्री विजय शर्मा के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री विजय कुमार की मृत्यु दिनांक 24.09.2021 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री तेज नारायण शर्मा के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अण्डरटेकिंग, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री पंकज शर्मा पुत्र स्व. श्री विजय कुमार शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 184 सकतपुरा का अविभाजित आधा हिस्सा अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 184 योजना सकतपुरा का अविभाजित आधा हिस्सा का नामहस्तान्तरण श्री पंकज शर्मा पुत्र स्व. श्री विजय कुमार शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा